फर्द अहकाम

अज अदालत–**न्यायालय जिला कलक्टर–मुकाम–भरतपुर**

विवेक धाकड़ बनाम उप महानिरीक्षक (स्टाम्प व मुद्रांक) भरतपुर

किस्म मुकदमा अपील आर. टी. आई नम्बर .... सन्

तारीख हुक्म	**हुक्म या कार्यवाही मय इनियशियल्स जज**	**नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुये**
16.10.2019	सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत अपीलान्ट विवेक धाकड़ पुत्र श्री भोलाराम निवासी ग्राम गोठरा तहसील वैर की अपील उपमहानिरीक्षक (स्टाम्प व मुद्रांक) भरतपुर के खिलाफ प्राप्त हुई है। अपील दर्ज रजिस्टर हो। अपील का अवलोकन किया गया। अपीलार्थी द्वारा यह अपील अतिरिक्त उपमहानिरीक्षक (स्टाम्प व मुद्रांक) भरतपुर के खिलाफ पेश की गई है। आर.टी.आई एक्ट के तहत अतिरिक्त उपमहानिरीक्षक (स्टाम्प व मुद्रांक) भरतपुर के खिलाफ अपील सुनवाई का क्षेत्राधिकार इस कार्यालय को नहीं है। अतः प्राप्त मूल अपील प्रार्थी को वापिस लोटाकर सूचित किया जावे कि वे नियमानुसार अपील महानिरीक्षक (स्टाम्प व मुद्रांक) अजमेर के यहां प्रस्तुत करें। पत्रावली फैसल शुमार हो। बाद कार्यवाही दाखिल दफ्तर हो।	